Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to stop the impact of soyabean crop.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): अध्यक्ष जी, पिछले दो सालों से कोरोना की वजह से और इस साल बहुत ज्यादा बारिश और बाढ़ की वजह से महाराष्ट्र में सोयाबीन की फसल करने वाले किसानों का बहुत नुकसान हुआ है । उन्हें इस बार एमएसपी से थोड़ा ज्यादा भाव मिल रहा है लेकिन पॉल्ट्री फार्म एसोसिएशन ने हमारे पशु संवर्धन मंत्री श्री रूपाला जी को पत्र देकर सोयाबीन का आयात करने की मांग की है और सोयाबीन के दाम बाजार में घटाने के लिए निवेदन दिया है । आपके माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी, कृषि मंत्री और प्रधान मंत्री जी से निवेदन है कि किसान पहले ही दो सालों से बहुत परेशानी का सामना कर रहा है और इस साल सोयाबीन की फसल थोड़ी कम हो गई है, लेकिन बाजार में दाम अच्छे मिलने से किसानों को दो पैसे ज्यादा मिलने की आशा है, इसलिए सोयाबीन के आयात को जो भी मंजूरी दी जाने वाली है, उसे तब तक रद्द किया जाए, जब तक किसानों का सोयाबीन बाजार में बिक नहीं जाता । मार्च के बाद यदि सोयाबीन को आयात करने की जरूरत होगी, तो उसके लिए हमारा विरोध नहीं है लेकिन यदि हम आज आयात करने की सोचेंगे तो बाजार में सोयाबीन के दाम नीचे आ जाएंगे और इससे किसानों का बहुत नुकसान हो जाएगा ।